भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1057
उत्तर देने की तारीख 08 फरवरी, 2023

डाकघर बचत योजना

1057. श्रीमती रंजनबेन भट्ट :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार डाकघर की बचत योजना का लाभ किसी भी आयु में अधिवर्षिता प्राप्त करने वाले व्यक्ति को देने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा अब तक क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (ग) : वर्तमान में भारत सरकार की 9 लघु बचत योजनाएं नामत: डाकघर बचत खाता, राष्ट्रीय बचत सावधि जमा योजना (1 वर्ष, 2 वर्ष, 3 वर्ष और 5 वर्ष), राष्ट्रीय बचत आवर्ती जमा योजना, राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्र योजना, राष्ट्रीय बचत (मासिक आय खाता) योजना, किसान विकास पत्र योजना, लोक भविष्य निधि योजना, सुकन्या समृद्धि खाता और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना डाकघरों के माध्यम से संचालित की जा रही हैं। इन 9 योजनाओं में से 7 योजनाएं (सुकन्या समृद्धि खाता और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना को छोड़कर) किसी भी आयु में अधिवर्षिता प्राप्त कर रहे किसी भी व्यक्ति के लिए उपलब्ध हैं।

*****